# राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
**राजभवन, पटना–800022**

## प्रेस–विज्ञप्ति

*संख्या–255/2024*

## राज्यपाल से वनवासी कल्याण आश्रम के शिष्टमंडल ने मुलाकात की

**पटना, 10 दिसम्बर, 2024 :–** माननीय राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से वनवासी कल्याण आश्रम के प्रांत संगठन मंत्री श्री नीतीश कुमार सिंह के नेतृत्व में 12 सदस्यीय शिष्टमंडल ने राजभवन में मुलाकात की तथा उन्हें बिहार में जनजातियों की समस्याओं से अवगत कराया।

शिष्टमंडल में शामिल सदस्यों ने बिहार के विभिन्न क्षेत्रों में रह रहे जनजातियों की शिक्षा, पेयजल, बिजली, जमीन आदि से संबंधित समस्याओं के बारे में उन्हें जानकारी दी। उन्होंने आदिवासी क्षेत्रों में इसाई मिशनरियों की गतिविधियों के बारे में भी बताया। उन्होंने आदिवासियों की लोक संस्कृति को संरक्षित किये जाने की आवश्यकता भी बतायी। शिष्टमंडल के सदस्यों ने राज्यपाल को रोहतासगढ़ किले के विशेषताओं से अवगत कराते हुए कहा कि यह जनजातियों की श्रद्धा का स्थल है और इसे विकसित करने की जरूरत है।

राज्यपाल ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनके निराकरण हेतु हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया।

.....................................